# राँची में IBM क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन

## चर्चा में क्यों?

केंद्रीय कोयला एवं खनन मंत्री जी. किशन रेड्डी ने झारखंड के **राँची** में भारतीय खनन ब्यूरो (IBM) के नवनिर्मित क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया।

- यह कार्यालय **नियामक निगरानी को सुदृढ़**, समस्याओं के समाधान को त्वरित करने, खनन क्षेत्र के विकास को 'विकसित भारत' के अनुरूप बढ़ावा देने तथा पूर्वी भारत में IBM की संस्थागत उपस्थिति को **सशक्त** करेगा।

## मुख्य बिंदु

- **उद्देश्य:**
    - IBM प्रारंभ में एक **सलाहकार संस्था** के रूप में स्थापित किया गया था, लेकिन अब यह भारत के खनिज संसाधनों के **वैज्ञानिक विकास, संरक्षण और** सतत प्रबंधन को बढ़ावा देने वाला प्रमुख राष्ट्रीय संगठन है।
- **कार्य:**
    - खनिज संसाधनों का **वैज्ञानिक संरक्षण** सुनिश्चित करने के लिये खानों का **निरीक्षण** करना।
    - खनन योजनाओं और **कार्यक्रमों की समीक्षा तथा अनुमोदन करना**।
    - भू-वैज्ञानिक और पर्यावरण अध्ययन आयोजित करना।
    - खनन और लाभप्रद परियोजनाओं के लिये **व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करना**।
    - परामर्श सेवाएँ प्रदान करना तथा खानों और खनिजों के लिये **डेटा बैंक** के रूप में कार्य करना।
- **खनिज संरक्षण में भूमिका:**
    - IBM निम्न-श्रेणी के **अयस्कों के उन्नयन और उपयोग को बढ़ावा** देने के लिये काम करता है तथा खनिज मानचित्र तैयार करता है एवं दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिये संसाधनों की **राष्ट्रीय खनिज सूची** का रखरखाव करता है।
- **अनुसंधान एवं विकास:**
    - यह संगठन अयस्क संवर्द्धन हेतु तकनीकों के विकास में संलग्न है। यह उन्नत अनुसंधान और प्रायोगिक स्तर के परीक्षणों के लिये UNDP की सहायता से नागपुर में एक आधुनिक खनिज प्रसंस्करण प्रयोगशाला तथा प्रायोगिक संयंत्र भी संचालित करता है।
- **कार्यक्षेत्र:**
    - IBM के कार्यालय प्रमुख खनन क्षेत्रों जैसे- अजमेर, बंगलूरू, भुवनेश्वर, कोलकाता, चेन्नई, देहरादून, गोवा, गुवाहाटी, गांधीनगर, हैदराबाद, जबलपुर, रायपुर, नागपुर, **राँची** और उदयपुर में हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/inauguration-of-ibm-regional-office-in-ranchi